# राष्ट्रीय आय 2022-23 के द्वितीय अग्रिम अनुमान, वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (क्यू 3) के लिए सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमान और वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण के प्रथम संशोधित अनुमान संबंधी प्रेस नोट


राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

भारत सरकार

# भारत सरकार
# सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

दिनांकः 09 फाल्गुन, 1944 शक
28 फरवरी, 2023

# प्रेस नोट

## राष्ट्रीय आय का दूसरा अग्रिम अनुमान, 2022-23, तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर), 2022-23 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का तिमाही अनुमान और राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण, 2021-22 का पहला संशोधित अनुमान

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) इस प्रेस नोट में राष्ट्रीय आय, 2022-23 के दूसरे अग्रिम अनुमान (एसएई), तिमाही अक्टूबर-दिसंबर (Q3) के लिए जीडीपी के तिमाही अनुमान व इनके व्यय घटकों के अनुमान और राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण के निम्नलिखित संशोधित अनुमान जारी कर रहा है:

- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए पहला संशोधित अनुमान (एफआरई),
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए दूसरा संशोधित अनुमान (एसआरई), और
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए तीसरा संशोधित (टीआरई) या अंतिम अनुमान

ये अनुमान राष्ट्रीय खातों के रिलीज कैलेंडर के अनुसार स्थिर (2011-12) और वर्तमान कीमतों दोनों पर जारी किए गए हैं।

2. वर्ष 2022-23 में स्थिर (2011-12) कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) या वास्तविक जीडीपी वर्ष 2021-22 के पहले संशोधित अनुमान 149.26 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 159.71 लाख करोड़ रुपये के स्तर को प्राप्त करने का अनुमान है। 2022-23 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 2021-22 में 9.1 प्रतिशत की तुलना में 7.0 प्रतिशत अनुमानित है।

3. वर्ष 2022-23 में नॉमिनल जीडीपी या मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 15.9 प्रतिशत की वृद्धि दर दिखाते हुए 2021-22 में 234.71 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 272.04 लाख करोड़ रुपये के स्तर को प्राप्त करने का अनुमान है।

4. 2022-23 की तीसरी तिमाही में स्थिर (2011-12) कीमतों पर जीडीपी 40.19 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2021-22 की तीसरी तिमाही में यह 38.51 लाख करोड़ रुपये था, जो 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2022-23 की तीसरी तिमाही में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 69.38 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2021-22 की तीसरी तिमाही में यह 62.39 लाख करोड़ रुपये था, जो 11.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

5. (i) राष्ट्रीय आय, 2022-23 का दूसरा अग्रिम अनुमान (एसएई), अक्टूबर-दिसंबर (क्यू3), 2022-23 तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद का तिमाही अनुमान व इसके व्यय घटक, और (ii) वित्तीय वर्ष 2021-22, 2020-21 और 2019-20 के उपर्युक्त संशोधित अनुमानों विस्तृत नोट्स क्रमशः भाग 'ए' और भाग 'बी' में दिए गए हैं।

# भाग 'ए'

# राष्ट्रीय आय के दूसरे अग्रिम अनुमान, 2022-23, (अक्टूबर-दिसम्बर) 2022-23 तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमान पर नोट्स

# राष्ट्रीय आय का दूसरा अग्रिम अनुमान, 2022-23, सकल घरेलू उत्पाद का तिमाही अनुमान तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर), 2022-23

प्रेस नोट के इस भाग में, राष्ट्रीय आय, 2022-23 के दूसरे अग्रिम अनुमान (एसएई) के साथ-साथ 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के तिमाही अनुमान स्थिर (2011-12) और वर्तमान मूल्य दोनों पर दिए गए हैं।

2. वर्ष 2022-23 के लिए तिमाही अनुमानों और अप्रैल-दिसंबर अनुमानों के अलावा वर्ष 2022-23 के लिए सकल/शुद्ध राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय के साथ-साथ सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) का अनुमान आर्थिक गतिविधि के प्रकार और सकल घरेलू उत्पाद के व्यय घटकों के आधार पर वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 स्थिर (2011-12) और वर्तमान मूल्यों पर प्रतिशत परिवर्तनों के साथ, प्रेस नोट के इस भाग के अंत में दिए गए विवरण 1ए से 12ए में दिए गए हैं।

3. वर्ष 2022-23 में स्थिर (2011-12) कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद या वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद ₹159.71 लाख करोड़ अनुमानित है, जबकि वर्ष 2021-22 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का पहला संशोधित अनुमान ₹149.26 लाख करोड़ था। 2022-23 के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 2021-22 में 9.1 प्रतिशत की तुलना में 7.0 प्रतिशत अनुमानित है।

4. वर्ष 2022-23 में नॉमिनल जीडीपी या मौजूदा कीमतों पर जीडीपी ₹272.04 लाख करोड़ अनुमानित है, जबकि वर्ष 2021-22 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान ₹234.71 लाख करोड़ था। 2022-23 के दौरान जीडीपी में वृद्धि 2021-22 में 18.4 प्रतिशत की तुलना में 15.9 प्रतिशत अनुमानित है।

5. 2022-23 की तीसरी तिमाही में स्थिर (2011-12) कीमतों पर जीडीपी 40.19 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2021-22 की तीसरी तिमाही में यह 38.51 लाख करोड़ रुपये था, जो 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2022-23 की तीसरी तिमाही में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 69.38 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2021-22 की तीसरी तिमाही में यह 62.39 लाख करोड़ रुपये था, जो 11.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

6. राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमानों को बेंचमार्क-संकेतक पद्धति का उपयोग करके संकलित किया जाता है, अर्थात बेंचमार्क वर्ष (इस मामले में 2021-22) के रूप में संदर्भित पिछले वर्ष के लिए उपलब्ध अनुमानों को सेक्टर्स के प्रदर्शन को दर्शाने वाले प्रासंगिक संकेतकों का उपयोग करके एक्सट्रापोलेट किया जाता है। 2022-23 के लिए पहला अग्रिम अनुमान (एफएई), बहुत सीमित

आंकड़ों के आधार पर और बेंचमार्क वर्ष के लिए 2021-22 (31.05.2022 को जारी) के अनंतिम अनुमानों का उपयोग करके, पहले 06.01.2023 को जारी किया गया था।

7. एसएई 2022-23 के संकलन के लिए, एफएई के समय उपयोग किए गए 2021-22 के अनंतिम अनुमानों को पहले संशोधित अनुमानों (फआरई) 2021-22 से बदल दिया गया है, जिन्हें उद्योग-वार/संस्थान-वार विस्तृत जानकारी का उपयोग करके संकलित किया गया है। इस प्रकार, एफएई से एसएई में भिन्नता बेंचमार्क अनुमानों के संशोधन और सीपीआई, आईआईपी, राजकोषीय आंकड़ों के संशोधित अनुमान, सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय परिणामों आदि जैसे विभिन्न संकेतकों पर उपलब्ध अतिरिक्त डेटा के कारण होती है। पूर्व में जारी 2022-23 की पहली और दूसरी तिमाही के अनुमानों के साथ पिछले वर्षों के तिमाही अनुमानों में भी राष्ट्रीय लेखा की संशोधन नीति के अनुसार संशोधन किया गया है।

8. क्षेत्रवार अनुमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम 9-10 माह के लिए उपलबध निम्नलिखित सूचकांकों का उपयोग करते हुए संकलित किया गया है: (i) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी), (ii) 2022-23 की पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही के लिए उपलब्ध निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन, (iii) 2022-23 के लिए फसल उत्पादन का द्वितीय अग्रिम अनुमान, (iv) 2022-23 के लिए उत्पादन लक्ष्य और 2022-23 की ग्रीष्म व वर्षा ऋतु में प्रमुख पशुधन उत्पादों के उत्पादन का अनुमान, (v) मत्स्य उत्पादन, (vi) सीमेंट व स्टील का उत्पादन/खपत, (vii) रेलवे के लिए शुद्ध टन किलोमीटर और यात्री किलोमीटर, (viii) नागरिक उड्डयन द्वारा संचालित यात्री और कार्गो यातायात, (ix) प्रमुख समुद्री बंदरगाहों पर कार्गो यातायात, (x) वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री, (xi) बैंक जमा और क्रेडिट, (xii) केंद्र और राज्य सरकारों आदि के खाते। अनुमान में प्रयुक्त मुख्य संकेतकों में प्रतिशत परिवर्तन **अनुबंध ए** में दिए गए हैं।

9. सकल घरेलू उत्पाद संकलन के लिए प्रयुक्त कुल कर राजस्व में गैर-जीएसटी राजस्व और जीएसटी राजस्व शामिल हैं। 2022-23 के लिए कर राजस्व के संशोधित अनुमान, 2023-24 के लिए केंद्र सरकार के वार्षिक वित्तीय विवरण में उपलब्ध जानकारी, लेखा महानियंत्रक (सीजीए) और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की वेबसाइटों पर नवीनतम उपलब्ध जानकारी का उपयोग वर्तमान कीमतों पर उत्पादों पर करों का अनुमान लगाने के लिए किया गया है। स्थिर कीमतों पर उत्पादों पर करों को संकलित करने के लिए, कर वाली वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा में वृद्धि का उपयोग करके वॉल्यूम एक्सट्रपलेशन किया जाता है। कुल उत्पाद सब्सिडी प्रमुख सब्सिडी अर्थात् भोजन, यूरीया, पेट्रोल और पोषण  तथा वर्ष 2022-23 के लिए केंद्र/राज्य वार आरई/बीई प्रावधानों के साथ सीएजी वेबसाइट पर यथा उपलब्ध अधिकांशत: राज्यों द्वारा दिसम्बर 2022 तक सब्सिडी पर किये गए व्यय के संबंध में नवीनतम सूचनाओं का उपयोग करते हुए

संकलित की गई है। 2022-23 के लिए केंद्र और राज्यों के बजट दस्तावेजों के विस्तृत विश्लेषण के आधार पर राजस्व व्यय, ब्याज भुगतान, सब्सिडी आदि पर उपलब्ध जानकारी को सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) के आकलन के लिए भी उपयोग में लाया गया।

10. बेहतर डेटा कवरेज, विभिन्न संकेतकों का वास्तविक प्रदर्शन, वास्तविक कर संग्रह और आने वाले महीनों में सब्सिडी पर किए गए व्यय और स्रोत एजेंसियों द्वारा किए गए इनपुट डेटा में संशोधन का इन अनुमानों के बाद के संशोधनों पर असर पड़ेगा। इसलिए, रिलीज कैलेंडर के अनुसार, अनुमानों में उपरोक्त कारणों के लिए संशोधन से गुजरने की संभावना है। उपयोगकर्ताओं को आंकड़ों की व्याख्या करते समय इन्हें ध्यान में रखना चाहिए।

11. जनवरी-मार्च, 2023 (Q4 2022-23) तिमाही के लिए तिमाही जीडीपी अनुमान और वर्ष 2022-23 के लिए अनंतिम वार्षिक अनुमान 31 मई, 2023 को जारी होंगे।

**Statement 1A: Second Advance Estimates of National Income and Expenditure Components of GDP, 2022-23 (at 2011- 12 Prices)**

(₹ crore)

| S.No. | Item | 2020-21 (2nd RE) | 2021-22 (1st RE) | 2022-23 (SAE) | Percentage Change Over Previous Year 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Domestic Product** | | | | | |
| 1 | GVA at Basic Prices | 1,26,81,482 | 1,37,98,025 | 1,47,12,593 | 8.8 | 6.6 |
| 2 | Net Taxes on Products | 10,05,636 | 11,27,815 | 12,58,496 | 12.1 | 11.6 |
| 3 | Gross Domestic Product (GDP) | 1,36,87,118 | 1,49,25,840 | 1,59,71,090 | 9.1 | 7.0 |
| 4 | Net Domestic Product (NDP) | 1,18,54,151 | 1,29,77,142 | 1,38,93,102 | 9.5 | 7.1 |
| | **Expenditure Components** | | | | | |
| 5 | Private Final Consumption Expenditure (PFCE) | 78,24,496 | 87,03,541 | 93,42,132 | | |
| 6 | Government Final Consumption Expenditure (GFCE) | 14,78,222 | 15,75,281 | 15,94,760 | | |
| 7 | Gross Fixed Capital Formation (GFCF) | 42,55,689 | 48,78,773 | 54,26,058 | | |
| 8 | Changes in Stocks (CIS) | 15,761 | 1,24,162 | 1,26,547 | | |
| 9 | Valuables | 2,08,018 | 2,78,759 | 2,37,615 | | |
| 10 | Exports | 25,56,836 | 33,05,833 | 36,86,096 | | |
| 11 | Imports | 28,67,503 | 34,93,326 | 41,51,419 | | |
| 12 | Discrepancies | 2,15,599 | -4,47,182 | -2,90,699 | | |
| 13 | GDP | 1,36,87,118 | 1,49,25,840 | 1,59,71,090 | | |
| | **Share in GDP(%)** | | | | | |
| 14 | Private Final Consumption Expenditure (PFCE) | 57.2 | 58.3 | 58.5 | | |
| 15 | Government Final Consumption Expenditure (GFCE) | 10.8 | 10.6 | 10.0 | | |
| 16 | Gross Fixed Capital Formation (GFCF) | 31.1 | 32.7 | 34.0 | | |
| 17 | Changes in Stocks (CIS) | 0.1 | 0.8 | 0.8 | | |
| 18 | Valuables | 1.5 | 1.9 | 1.5 | | |
| 19 | Exports | 18.7 | 22.1 | 23.1 | | |
| 20 | Imports | 21.0 | 23.4 | 26.0 | | |
| 21 | Discrepancies | 1.6 | -3.0 | -1.8 | | |
| 22 | GDP | 100.0 | 100.0 | 100.0 | | |
| | **National Products** | | | | | |
| 23 | Gross National Income (GNI) | 1,34,96,925 | 1,46,19,532 | 1,56,46,681 | 8.3 | 7.0 |
| 24 | Net National Income (NNI) | 1,16,63,958 | 1,26,70,834 | 1,35,68,694 | 8.6 | 7.1 |
| | **Per Capita Income, Product and Final Consumption** | | | | | |
| 25 | Population* (in million) | 1355 | 1369 | 1383 | | |
| 26 | Per Capita GDP (₹) | 1,00,981 | 1,09,060 | 1,15,490 | 8.0 | 5.9 |
| 27 | Per Capita GNI (₹) | 99,578 | 1,06,822 | 1,13,144 | 7.3 | 5.9 |
| 28 | Per Capita NNI (₹) | 86,054 | 92,583 | 98,118 | 7.6 | 6.0 |
| 29 | Per Capita PFCE (₹) | 57,728 | 63,595 | 67,555 | 10.2 | 6.2 |

RE: Revised Estimates; SAE: Second Advance Estimates

* Relates to mid-financial year

**Statement 2A: Second Advance Estimates of National Income and Expenditure Components of GDP, 2022-23 (at Current Prices)**

(₹ crore)

| S.No. | Item | 2020-21 (2nd RE) | 2021-22 (1st RE) | 2022-23 (SAE) | Percentage Change Over Previous Year 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Domestic Product** | | | | | |
| 1 | GVA at Basic Prices | 1,81,88,780 | 2,14,38,883 | 2,47,07,001 | 17.9 | 15.2 |
| 2 | Net Taxes on Products | 16,41,147 | 20,32,128 | 24,96,766 | 23.8 | 22.9 |
| 3 | Gross Domestic Product (GDP) | 1,98,29,927 | 2,34,71,012 | 2,72,03,767 | 18.4 | 15.9 |
| 4 | Net Domestic Product (NDP) | 1,74,89,333 | 2,07,96,554 | 2,43,30,569 | 18.9 | 17.0 |
| | **Expenditure Components** | | | | | |
| 5 | Private Final Consumption Expenditure (PFCE) | 1,21,50,103 | 1,43,44,336 | 1,64,71,083 | | |
| 6 | Government Final Consumption Expenditure (GFCE) | 23,02,794 | 26,25,361 | 28,53,537 | | |
| 7 | Gross Fixed Capital Formation (GFCF) | 54,03,739 | 67,86,391 | 79,45,898 | | |
| 8 | Changes in Stocks (CIS) | 26,357 | 1,63,438 | 1,80,751 | | |
| 9 | Valuables | 2,71,464 | 3,79,112 | 3,49,545 | | |
| 10 | Exports | 37,09,237 | 50,49,645 | 61,07,093 | | |
| 11 | Imports | 37,87,294 | 56,69,023 | 73,24,249 | | |
| 12 | Discrepancies | -2,46,474 | -2,08,247 | 6,20,108 | | |
| 13 | GDP | 1,98,29,927 | 2,34,71,012 | 2,72,03,767 | | |
| | **Share in GDP(%)** | | | | | |
| 14 | Private Final Consumption Expenditure (PFCE) | 61.3 | 61.1 | 60.5 | | |
| 15 | Government Final Consumption Expenditure (GFCE) | 11.6 | 11.2 | 10.5 | | |
| 16 | Gross Fixed Capital Formation (GFCF) | 27.3 | 28.9 | 29.2 | | |
| 17 | Changes in Stocks (CIS) | 0.1 | 0.7 | 0.7 | | |
| 18 | Valuables | 1.4 | 1.6 | 1.3 | | |
| 19 | Exports | 18.7 | 21.5 | 22.4 | | |
| 20 | Imports | 19.1 | 24.2 | 26.9 | | |
| 21 | Discrepancies | -1.2 | -0.9 | 2.3 | | |
| 22 | GDP | 100.0 | 100.0 | 100.0 | | |
| | **National Products** | | | | | |
| 23 | Gross National Income (GNI) | 1,95,63,240 | 2,30,01,260 | 2,66,58,984 | 17.6 | 15.9 |
| 24 | Net National Income (NNI) | 1,72,22,645 | 2,03,26,803 | 2,37,85,786 | 18.0 | 17.0 |
| 25 | Gross National Disposable Income (GNDI) | 2,01,15,428 | 2,36,06,704 | 2,72,99,537 | 17.4 | 15.6 |
| 26 | Net National Disposable Income (NNDI) | 1,77,74,833 | 2,09,32,247 | 2,44,26,339 | 17.8 | 16.7 |
| | **Per Capita Income, Product and Final Consumption** | | | | | |
| 27 | Per Capita GDP (₹) | 1,46,301 | 1,71,498 | 1,96,716 | 17.2 | 14.7 |
| 28 | Per Capita GNI (₹) | 1,44,334 | 1,68,066 | 1,92,777 | 16.4 | 14.7 |
| 29 | Per Capita NNI (₹) | 1,27,065 | 1,48,524 | 1,72,000 | 16.9 | 15.8 |
| 30 | Per Capita GNDI (₹) | 1,48,408 | 1,72,490 | 1,97,409 | 16.2 | 14.4 |
| 31 | Per Capita PFCE (₹) | 89,641 | 1,04,811 | 1,19,106 | 16.9 | 13.6 |

**Statement 3A: Second Advance Estimates of GVA at Basic Prices by Economic Activity (at 2011- 12 Prices)**

(₹ crore)

| Industry | 2020-21 (2nd RE) | 2021-22 (1st RE) | 2022-23 (SAE) | Percentage Change Over Previous Year | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2021-22 | 2022-23 |
| 1. Agriculture, Forestry & Fishing | 20,76,327 | 21,49,122 | 22,21,092 | 3.5 | 3.3 |
| 2. Mining & Quarrying | 2,89,905 | 3,10,415 | 3,20,898 | 7.1 | 3.4 |
| 3. Manufacturing | 23,25,438 | 25,82,473 | 25,96,858 | 11.1 | 0.6 |
| 4. Electricity, Gas, Water Supply & Other Utility Services | 2,87,757 | 3,16,110 | 3,45,038 | 9.9 | 9.2 |
| 5. Construction | 9,83,619 | 11,29,368 | 12,32,338 | 14.8 | 9.1 |
| 6. Trade, Hotels, Transport, Communication & Services related to Broadcasting | 21,59,495 | 24,56,447 | 28,04,870 | 13.8 | 14.2 |
| 7. Financial, Real Estate & Professional Services | 29,58,852 | 30,98,827 | 33,11,208 | 4.7 | 6.9 |
| 8. Public Administration, Defence & Other Services* | 16,00,090 | 17,55,263 | 18,80,292 | 9.7 | 7.1 |
| **GVA at Basic Prices** | **1,26,81,482** | **1,37,98,025** | **1,47,12,593** | **8.8** | **6.6** |

**Statement 4A: Second Advance Estimates of GVA at Basic Prices by Economic Activity (at Current Prices)**

(₹ crore)

| Industry | 2020-21 (2nd RE) | 2021-22 (1st RE) | 2022-23 (SAE) | Percentage Change Over Previous Year | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2021-22 | 2022-23 |
| 1. Agriculture, Forestry & Fishing | 36,95,412 | 40,66,649 | 45,20,818 | 10.0 | 11.2 |
| 2. Mining & Quarrying | 3,16,268 | 4,29,364 | 5,84,763 | 35.8 | 36.2 |
| 3. Manufacturing | 28,00,895 | 33,96,735 | 36,23,284 | 21.3 | 6.7 |
| 4. Electricity, Gas, Water Supply & Other Utility Services | 5,00,804 | 5,55,605 | 7,40,602 | 10.9 | 33.3 |
| 5. Construction | 13,43,531 | 17,37,505 | 20,21,176 | 29.3 | 16.3 |
| 6. Trade, Hotels, Transport, Communication & Services related to Broadcasting | 28,70,667 | 36,11,993 | 44,75,544 | 25.8 | 23.9 |
| 7. Financial, Real Estate & Professional Services | 40,36,766 | 46,12,286 | 52,94,692 | 14.3 | 14.8 |
| 8. Public Administration, Defence & Other Services* | 26,24,437 | 30,28,745 | 34,46,122 | 15.4 | 13.8 |
| **GVA at Basic Prices** | **1,81,88,780** | **2,14,38,883** | **2,47,07,001** | **17.9** | **15.2** |

RE: Revised Estimates; SAE: Second Advance Estimates

* Public Administration, Defence & Other Services category includes the Other Services sector i.e. Education, Health, Recreation, and other personal services

**Statement 5A: Quarterly Estimates of GVA at Basic Prices for Q3 (October-December) 2022-23 (at 2011-12 Prices)**

(₹ Crore)

| Industry | GVA at Basic Price | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | | Percentage Change Over Previous Year | | | | | |
| | | | | | | | | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | |
| | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 |
| 1. Agriculture, Forestry & Fishing | 4,68,898 | 4,00,330 | 6,53,929 | 4,84,982 | 4,19,687 | 6,68,835 | 4,97,266 | 4,29,755 | 6,93,475 | 3.4 | 4.8 | 2.3 | 2.5 | 2.4 | 3.7 |
| 2. Mining & Quarrying | 67,377 | 58,622 | 72,018 | 75,606 | 64,853 | 75,924 | 82,664 | 64,594 | 78,732 | 12.2 | 10.6 | 5.4 | 9.3 | -0.4 | 3.7 |
| 3. Manufacturing | 3,96,729 | 6,12,975 | 6,13,680 | 6,00,990 | 6,53,141 | 6,21,928 | 6,39,243 | 6,29,798 | 6,14,982 | 51.5 | 6.6 | 1.3 | 6.4 | -3.6 | -1.1 |
| 4. Electricity, Gas, Water Supply & Other Utility Services | 67,405 | 74,489 | 71,071 | 78,422 | 82,533 | 75,330 | 90,134 | 87,449 | 81,537 | 16.3 | 10.8 | 6.0 | 14.9 | 6.0 | 8.2 |
| 5. Construction | 1,34,682 | 2,30,026 | 2,80,638 | 2,38,390 | 2,54,755 | 2,81,276 | 2,77,110 | 2,69,647 | 3,04,883 | 77.0 | 10.8 | 0.2 | 16.2 | 5.8 | 8.4 |
| 6. Trade, Hotels, Transport, Communication & Services related to Broadcasting | 3,34,525 | 5,19,061 | 5,98,341 | 4,73,100 | 5,87,179 | 6,53,240 | 5,94,900 | 6,79,015 | 7,16,297 | 41.4 | 13.1 | 9.2 | 25.7 | 15.6 | 9.7 |
| 7. Financial, Real Estate & Professional Services | 7,89,709 | 8,13,960 | 6,76,213 | 8,12,166 | 8,71,337 | 7,05,027 | 8,82,147 | 9,33,441 | 7,45,836 | 2.8 | 7.0 | 4.3 | 8.6 | 7.1 | 5.8 |
| 8. Public Administration, Defence & Other Services* | 3,40,536 | 3,83,384 | 4,26,651 | 3,62,621 | 4,47,829 | 4,71,945 | 4,39,726 | 4,72,794 | 4,81,331 | 6.5 | 16.8 | 10.6 | 21.3 | 5.6 | 2.0 |
| **GVA at Basic Prices** | **25,99,861** | **30,92,846** | **33,92,540** | **31,26,277** | **33,81,314** | **35,53,504** | **35,03,189** | **35,66,493** | **37,17,073** | **20.2** | **9.3** | **4.7** | **12.1** | **5.5** | **4.6** |

* Public Administration, Defence & Other Services category includes the Other Services sector i.e. Education, Health, Recreation, and other personal services

**Statement 6A: Quarterly Estimates of Expenditure Components of GDP for Q3 (October-December) 2022-23 (at 2011-12 Prices)**

(₹ Crore)

| Expenditure Components | Expenditure Components of GDP | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | | Share in GDP(%) | | | | | |
| | | | | | | | | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | |
| | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 |
| 1. Private Final Consumption Expenditure (PFCE) | 15,48,901 | 18,57,460 | 21,88,868 | 18,22,102 | 21,21,839 | 24,26,098 | 21,87,196 | 23,09,155 | 24,77,160 | 55.0 | 58.1 | 63.0 | 58.4 | 59.5 | 61.6 |
| 2. Government Final Consumption Expenditure (GFCE) | 4,12,664 | 3,10,074 | 3,31,300 | 4,03,808 | 3,46,501 | 3,50,565 | 4,11,243 | 3,32,450 | 3,47,661 | 12.2 | 9.5 | 9.1 | 11.0 | 8.6 | 8.7 |
| 3. Gross Fixed Capital Formation (GFCF) | 6,69,321 | 10,75,997 | 11,64,824 | 10,77,836 | 12,09,609 | 11,79,221 | 12,99,435 | 13,27,486 | 12,76,872 | 32.6 | 33.1 | 30.6 | 34.7 | 34.2 | 31.8 |
| 4. Changes in Stocks (CIS) | 2,689 | 4,154 | 4,159 | 28,895 | 31,402 | 29,902 | 31,151 | 30,691 | 29,969 | 0.9 | 0.9 | 0.8 | 0.8 | 0.8 | 0.7 |
| 5. Valuables | 3,791 | 52,366 | 50,926 | 22,035 | 1,34,378 | 73,595 | 35,011 | 1,08,364 | 45,729 | 0.7 | 3.7 | 1.9 | 0.9 | 2.8 | 1.1 |
| 6. Exports | 5,23,787 | 6,60,856 | 6,46,358 | 7,65,031 | 8,26,729 | 8,25,929 | 9,15,472 | 9,28,593 | 9,19,661 | 23.1 | 22.6 | 21.4 | 24.4 | 23.9 | 22.9 |
| 7. Imports | 5,17,651 | 6,89,655 | 7,66,491 | 7,49,401 | 8,73,014 | 9,17,188 | 10,01,644 | 10,99,168 | 10,17,152 | 22.6 | 23.9 | 23.8 | 26.7 | 28.3 | 25.3 |
| 8. Discrepancies | 80,521 | 75,478 | 40,637 | -59,256 | -1,45,787 | -1,17,350 | -1,29,956 | -56,583 | -61,316 | -1.8 | -4.0 | -3.0 | -3.5 | -1.5 | -1.5 |
| **GDP** | **27,24,023** | **33,46,731** | **36,60,581** | **33,11,050** | **36,51,659** | **38,50,772** | **37,47,908** | **38,80,988** | **40,18,584** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| **GDP (Percentage change over previous year)** | | | | **21.6** | **9.1** | **5.2** | **13.2** | **6.3** | **4.4** | | | | | | |

**Statement 7A: Quarterly Estimates of GVA at Basic Prices for Q3 (October-December) 2022-23 (at Current Prices)**

(₹ Crore)

| Industry | GVA at Basic Price | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | | Percentage Change Over Previous Year | | | | | |
| | | | | | | | | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | |
| | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 |
| 1. Agriculture, Forestry & Fishing | 8,01,963 | 7,13,882 | 12,06,766 | 8,72,793 | 7,71,303 | 13,08,921 | 10,16,463 | 8,75,540 | 14,21,565 | 8.8 | 8.0 | 8.5 | 16.5 | 13.5 | 8.6 |
| 2. Mining & Quarrying | 63,970 | 62,305 | 76,426 | 91,001 | 83,748 | 1,08,419 | 1,53,991 | 1,17,537 | 1,39,733 | 42.3 | 34.4 | 41.9 | 69.2 | 40.3 | 28.9 |
| 3. Manufacturing | 4,64,207 | 7,22,673 | 7,37,819 | 7,66,238 | 8,46,505 | 8,25,228 | 9,00,260 | 8,76,731 | 8,47,518 | 65.1 | 17.1 | 11.8 | 17.5 | 3.6 | 2.7 |
| 4. Electricity, Gas, Water Supply & Other Utility Services | 1,14,073 | 1,22,177 | 1,27,684 | 1,23,337 | 1,32,449 | 1,44,359 | 1,72,890 | 1,80,377 | 1,91,777 | 8.1 | 8.4 | 13.1 | 40.2 | 36.2 | 32.8 |
| 5. Construction | 1,75,069 | 3,00,302 | 3,78,388 | 3,50,983 | 3,82,590 | 4,36,539 | 4,65,945 | 4,38,956 | 4,88,274 | 100.5 | 27.4 | 15.4 | 32.8 | 14.7 | 11.9 |
| 6. Trade, Hotels, Transport, Communication & Services related to Broadcasting | 4,27,947 | 6,77,551 | 7,97,573 | 6,61,991 | 8,39,034 | 9,73,609 | 9,55,665 | 10,82,028 | 11,34,569 | 54.7 | 23.8 | 22.1 | 44.4 | 29.0 | 16.5 |
| 7. Financial, Real Estate & Professional Services | 10,39,448 | 10,90,520 | 9,41,091 | 11,68,482 | 12,72,447 | 10,73,191 | 14,05,454 | 14,82,866 | 11,95,455 | 12.4 | 16.7 | 14.0 | 20.3 | 16.5 | 11.4 |
| 8. Public Administration, Defence & Other Services | 5,92,754 | 6,24,354 | 6,90,259 | 6,58,736 | 7,66,875 | 8,06,399 | 8,43,775 | 8,61,455 | 8,69,823 | 11.1 | 22.8 | 16.8 | 28.1 | 12.3 | 7.9 |
| **GVA at Basic Prices** | **36,79,430** | **43,13,765** | **49,56,006** | **46,93,561** | **50,94,951** | **56,76,665** | **59,14,443** | **59,15,488** | **62,88,713** | **27.6** | **18.1** | **14.5** | **26.0** | **16.1** | **10.8** |

**Statement 8A: Quarterly Estimates of Expenditure Components of GDP for Q3 (October-December) 2022-23 (at Current Prices)**

(₹ Crore)

| Expenditure Components | Expenditure Components of GDP | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | | Share in GDP(%) | | | | | |
| | | | | | | | | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | |
| | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 | Q1 | Q2 | Q3 |
| 1. Private Final Consumption Expenditure (PFCE) | 23,45,609 | 28,75,120 | 34,75,874 | 29,35,427 | 34,29,832 | 40,59,318 | 38,77,316 | 40,55,798 | 43,89,388 | 57.3 | 61.2 | 65.1 | 59.2 | 61.7 | 63.3 |
| 2. Government Final Consumption Expenditure (GFCE) | 6,23,975 | 4,81,662 | 5,25,972 | 6,51,199 | 5,71,555 | 5,94,276 | 7,25,465 | 5,93,988 | 6,26,059 | 12.7 | 10.2 | 9.5 | 11.1 | 9.0 | 9.0 |
| 3. Gross Fixed Capital Formation (GFCF) | 8,14,572 | 13,23,038 | 14,74,603 | 14,41,512 | 16,42,116 | 16,58,791 | 19,03,233 | 19,09,969 | 18,58,283 | 28.1 | 29.3 | 26.6 | 29.1 | 29.1 | 26.8 |
| 4. Changes in Stocks (CIS) | 4,368 | 6,800 | 6,943 | 36,868 | 40,730 | 39,707 | 44,910 | 43,737 | 42,279 | 0.7 | 0.7 | 0.6 | 0.7 | 0.7 | 0.6 |
| 5. Valuables | 4,460 | 69,029 | 66,412 | 30,068 | 1,80,096 | 1,00,181 | 49,806 | 1,56,902 | 67,297 | 0.6 | 3.2 | 1.6 | 0.8 | 2.4 | 1.0 |
| 6. Exports | 7,49,914 | 9,29,566 | 9,59,785 | 11,23,062 | 12,19,943 | 13,06,147 | 15,21,259 | 15,17,626 | 15,41,435 | 21.9 | 21.8 | 20.9 | 23.2 | 23.1 | 22.2 |
| 7. Imports | 6,72,880 | 8,78,955 | 10,38,457 | 11,61,467 | 13,61,899 | 15,46,648 | 17,69,467 | 19,10,098 | 18,22,342 | 22.7 | 24.3 | 24.8 | 27.0 | 29.1 | 26.3 |
| 8. Discrepancies | 11,026 | -73,398 | -13,182 | 67,175 | -1,18,547 | 26,779 | 1,94,206 | 2,01,628 | 2,35,842 | 1.3 | -2.1 | 0.4 | 3.0 | 3.1 | 3.4 |
| **GDP** | **38,81,045** | **47,32,862** | **54,57,949** | **51,23,846** | **56,03,826** | **62,38,551** | **65,46,729** | **65,69,549** | **69,38,241** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| **GDP (Percentage change over previous year)** | | | | **32.0** | **18.4** | **14.3** | **27.8** | **17.2** | **11.2** | | | | | | |

## Statement 9A: Estimates of GVA at Basic Prices for April-December 2022-23 (at 2011-12 Prices)

(₹ Crore)

| Industry | APRIL-DECEMBER | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | Percentage Change Over Previous Year | |
| | | | | 2021-22 | 2022-23 |
| 1. Agriculture, Forestry & Fishing | 15,23,157 | 15,73,504 | 16,20,496 | 3.3 | 3.0 |
| 2. Mining & Quarrying | 1,98,017 | 2,16,382 | 2,25,990 | 9.3 | 4.4 |
| 3. Manufacturing | 16,23,384 | 18,76,060 | 18,84,023 | 15.6 | 0.4 |
| 4. Electricity, Gas, Water Supply & Other Utility Services | 2,12,965 | 2,36,284 | 2,59,120 | 11.0 | 9.7 |
| 5. Construction | 6,45,346 | 7,74,421 | 8,51,639 | 20.0 | 10.0 |
| 6. Trade, Hotels, Transport, Communication & Services related to Broadcasting | 14,51,927 | 17,13,518 | 19,90,212 | 18.0 | 16.1 |
| 7. Financial, Real Estate & Professional Services | 22,79,881 | 23,88,530 | 25,61,424 | 4.8 | 7.2 |
| 8. Public Administration, Defence & Other Services* | 11,50,570 | 12,82,395 | 13,93,851 | 11.5 | 8.7 |
| **GVA at Basic Prices** | **90,85,248** | **1,00,61,095** | **1,07,86,755** | **10.7** | **7.2** |

* Public Administration, Defence & Other Services category includes the Other Services sector i.e. Education, Health, Recreation, and other personal services

## Statement 10A: Estimates of Expenditure Components of GDP for April-December 2022-23 (at 2011-12 Prices)

(₹ Crore)

| Expenditure Components | APRIL-DECEMBER | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | Share in GDP(%) | |
| | | | | 2021-22 | 2022-23 |
| 1. Private Final Consumption Expenditure (PFCE) | 55,95,229 | 63,70,039 | 69,73,511 | 58.9 | 59.9 |
| 2. Government Final Consumption Expenditure (GFCE) | 10,54,038 | 11,00,875 | 10,91,354 | 10.2 | 9.4 |
| 3. Gross Fixed Capital Formation (GFCF) | 29,10,142 | 34,66,666 | 39,03,793 | 32.1 | 33.5 |
| 4. Changes in Stocks (CIS) | 11,002 | 90,199 | 91,810 | 0.8 | 0.8 |
| 5. Valuables | 1,07,083 | 2,30,008 | 1,89,104 | 2.1 | 1.6 |
| 6. Exports | 18,31,001 | 24,17,690 | 27,63,727 | 22.4 | 23.7 |
| 7. Imports | 19,73,797 | 25,39,603 | 31,17,964 | 23.5 | 26.8 |
| 8. Discrepancies | 1,96,636 | -3,22,392 | -2,47,856 | -3.0 | -2.1 |
| **GDP** | **97,31,334** | **1,08,13,480** | **1,16,47,479** | **100.0** | **100.0** |
| **GDP (Percentage change over previous year)** | | **11.1** | **7.7** | | |

**Statement 11A: Estimates of GVA at Basic Prices for April-December 2022-23 (at Current Prices)**

(₹ Crore)

| Industry | APRIL-DECEMBER | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | Percentage Change Over Previous Year | |
| | | | | 2021-22 | 2022-23 |
| 1. Agriculture, Forestry & Fishing | 27,22,611 | 29,53,017 | 33,13,568 | 8.5 | 12.2 |
| 2. Mining & Quarrying | 2,02,701 | 2,83,168 | 4,11,261 | 39.7 | 45.2 |
| 3. Manufacturing | 19,24,699 | 24,37,970 | 26,24,508 | 26.7 | 7.7 |
| 4. Electricity, Gas, Water Supply & Other Utility Services | 3,63,934 | 4,00,145 | 5,45,043 | 9.9 | 36.2 |
| 5. Construction | 8,53,760 | 11,70,112 | 13,93,174 | 37.1 | 19.1 |
| 6. Trade, Hotels, Transport, Communication & Services related to Broadcasting | 19,03,071 | 24,74,635 | 31,72,261 | 30.0 | 28.2 |
| 7. Financial, Real Estate & Professional Services | 30,71,059 | 35,14,120 | 40,83,775 | 14.4 | 16.2 |
| 8. Public Administration, Defence & Other Services | 19,07,367 | 22,32,010 | 25,75,053 | 17.0 | 15.4 |
| **GVA at Basic Prices** | **1,29,49,202** | **1,54,65,177** | **1,81,18,644** | **19.4** | **17.2** |

**Statement 12A: Estimates of Expenditure Components of GDP for April-December 2022-23 (at Current Prices)**

(₹ Crore)

| Expenditure Components | APRIL-DECEMBER | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | Share in GDP(%) | |
| | | | | 2021-22 | 2022-23 |
| 1. Private Final Consumption Expenditure (PFCE) | 86,96,603 | 1,04,24,577 | 1,23,22,502 | 61.4 | 61.4 |
| 2. Government Final Consumption Expenditure (GFCE) | 16,31,609 | 18,17,031 | 19,45,511 | 10.7 | 9.7 |
| 3. Gross Fixed Capital Formation (GFCF) | 36,12,213 | 47,42,418 | 56,71,485 | 28.0 | 28.3 |
| 4. Changes in Stocks (CIS) | 18,112 | 1,17,306 | 1,30,926 | 0.7 | 0.7 |
| 5. Valuables | 1,39,901 | 3,10,345 | 2,74,005 | 1.8 | 1.4 |
| 6. Exports | 26,39,265 | 36,49,153 | 45,80,320 | 21.5 | 22.8 |
| 7. Imports | 25,90,292 | 40,70,014 | 55,01,907 | 24.0 | 27.4 |
| 8. Discrepancies | -75,554 | -24,592 | 6,31,676 | -0.1 | 3.1 |
| **GDP** | **1,40,71,856** | **1,69,66,223** | **2,00,54,519** | **100.0** | **100.0** |
| **GDP (Percentage change over previous year)** | | **20.6** | **18.2** | | |

**Annexure A**

## Percentage Change in Main Indicators

| S. No. | Indicators | April-December 2021-22 | April-December 2022-23 | Q3 2021-22 | Q3 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Production of Rice | 6.6 | -0.1 | 9.3 | 0.7 |
| 2 | Production of Coal | 10.6 | 16.4 | 9.0 | 9.3 |
| 3 | Production of Crude Oil | -2.6 | -1.3 | -2.1 | -1.5 |
| 4 | Production of Cement | 26.3 | 10.6 | 8.7 | 9.9 |
| 5 | Consumption of Steel | 17.3 | 11.9 | -6.4 | 13.5 |
| 6 | Total Telephone Subscribers | 0.4 | -0.7 | | |
| 7 | Sales of Commercial Vehicles | 30.3 | 46.4 | 0.9 | 16.6 |
| 8 | Purchase of Private Vehicles | -1.7 | 22.7 | -22.7 | 9.2 |
| 9 | Cargo Handled at Major Sea Ports | 10.3 | 8.9 | 1.5 | 5.3 |
| 10 | Cargo Handled at Airports | 39.5 | 0.7 | 10.0 | -7.9 |
| 11 | Passengers Handled at Airports | 103.0 | 79.9 | 67.7 | 27.6 |
| 12 | **Railways** | | | | |
| | (i) Net Tonne Kilometres | 25.2 | 12.2 | 14.1 | 3.7 |
| | (ii) Passenger Kilometres | 280.2 | 72.8 | 133.3 | 42.1 |
| 13 | Aggregate Bank Deposits | 10.3 | 9.2 | | |
| 14 | Aggregate Bank Credits | 9.3 | 14.9 | | |
| 15 | Revenue Expenditure less Interest Payment and Subsidies (Centre) | 1.6 | 0.4 | 5.2 | 2.2 |
| 16 | Export of Goods & Services | 39.1 | 25.5 | 36.9 | 18.0 |
| 17 | Import of Goods & Services | 57.0 | 35.2 | 48.8 | 17.8 |
| 18 | CPI General Index | 5.2 | 6.8 | 5.0 | 6.1 |
| 19 | **IIP** | | | | |
| | (i) Mining | 16.0 | 5.4 | 6.1 | 7.4 |
| | (ii) Manufacturing | 16.1 | 4.8 | 1.4 | 0.9 |
| | (iii) Electricity | 9.4 | 9.9 | 2.7 | 7.9 |
| | (iv) Metallic Minerals | 35.7 | -1.2 | 1.6 | 14.5 |
| 20 | **WPI** | | | | |
| | (i) Food Articles | 2.6 | 8.4 | 4.8 | 2.8 |
| | (ii) Minerals | 17.7 | 6.3 | 20.5 | 2.1 |
| | (iii) Manufactured Products | 11.4 | 7.1 | 12.0 | 3.7 |
| | (iv) All Commodities | 12.7 | 11.6 | 14.3 | 6.6 |

# भाग 'बी'

# राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण, 2021-22 के प्रथम संशोधित अनुमान पर नोट्स

# राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण, 2021-22 के प्रथम संशोधित अनुमान पर नोट्स

प्रेस नोट के इस भाग में, वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण के प्रथम संशोधित अनुमान के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए द्वितीय संशोधित अनुमान और वित्तीय वर्ष 2019-20 के तृतीय संशोधित अनुमान (आधार वर्ष 2011-12 के साथ) दिए गए हैं।

2. वर्ष 2021-22 के पहले संशोधित अनुमानों को 31 मई, 2022 को अनंतिम अनुमान जारी करने के समय नियोजित बेंचमार्क-इंडिकेटर पद्धति का उपयोग करने के बजाय उद्योग-वार/संस्थान-वार विस्तृत जानकारी का उपयोग करके संकलित किया गया है। वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए सकल घरेलू उत्पाद और अन्य एग्रिगेट्स में कृषि उत्पादन पर नवीनतम उपलब्ध डेटासेट के उपयोग, औद्योगिक उत्पादन (एएसआई के अंतिम परिणाम: 2019-20), बजट दस्तावेजों में उपलब्ध सरकारी डेटा (वर्ष 2020-21 के संशोधित अनुमानों को वास्तविक के साथ बदलकर); कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए), भारतीय रिजर्व बैंक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (एनएबीएआरडी) आदि जैसे विभिन्न स्रोत एजेंसियों से उपलब्ध व्यापक डेटा और राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय (डीईएस) से प्राप्त अतिरिक्त डेटा के कारण भी संशोधन किया गया है।

3. समग्र स्तर पर संशोधित अनुमानों की मुख्य विशेषताएं अनुवर्ती पैरा में दी गई हैं।

**सकल घरेलू उत्पाद**

4. वर्ष 2021-22 के लिए नॉमिनल जीडीपी या मौजूदा कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2020-21 के लिए ₹198.30 लाख करोड़ की तुलना में ₹234.71 लाख करोड़ अनुमानित है, जो 2020-21 में 1.4 संकुचन की तुलना में 2021-22 के दौरान 18.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

5. वर्ष 2021-22 और 2020-21 के लिए स्थिर (2011-12) कीमतों पर जीडीपी या वास्तविक जीडीपी क्रमशः 149.26 लाख करोड़ रुपये और 136.87 लाख करोड़ रुपये है, जो 2020-21 के दौरान 5.8 प्रतिशत के संकुचन की तुलना में 2021-22 के दौरान 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## जीवीए और इसका उद्योग-वार विश्लेषण

6. कुल स्तर पर, बुनियादी कीमतों पर नॉमिनल जीवीए में 2020-21 के दौरान 1.0 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 2021-22 के दौरान 17.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वास्तविक जीवीए, यानी स्थिर (2011-12) बुनियादी कीमतों पर जीवीए, 2020-21 में 4.2 प्रतिशत के संकुचन के मुकाबले 2021-22 में 8.8 प्रतिशत बढ़ गया है।

7. 2011-12 से 2021-22 के दौरान समग्र जीवीए में अर्थव्यवस्था के व्यापक क्षेत्रों की हिस्सेदारी और इस अवधि के दौरान वार्षिक वृद्धि दर नीचे दी गई है:

| Year | Sector-wise share in GVA at current prices (in %) | | | Sector-wise growth in GVA at constant (2011-12) prices (in %) | | | | Aggregate GVA (₹ in lakh crore) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Primary | Secondary | Tertiary | Primary | Secondary | Tertiary | All | Current | Constant |
| **2011-12** | 21.7 | 29.3 | 49.0 | | | | | 81.1 | 81.1 |
| **2012-13** | 21.3 | 28.7 | 50.0 | 1.4 | 3.6 | 8.3 | 5.4 | 92.0 | 85.5 |
| **2013-14** | 21.4 | 27.9 | 50.6 | 4.8 | 4.2 | 7.7 | 6.1 | 103.6 | 90.6 |
| **2014-15** | 20.9 | 27.3 | 51.8 | 1.2 | 6.7 | 9.8 | 7.2 | 115.0 | 97.1 |
| **2015-16** | 20.1 | 27.6 | 52.3 | 2.1 | 9.5 | 9.4 | 8.0 | 125.7 | 104.9 |
| **2016-17** | 20.4 | 27.0 | 52.6 | 7.3 | 7.5 | 8.5 | 8.0 | 139.7 | 113.3 |
| **2017-18** | 20.4 | 27.0 | 52.5 | 4.5 | 7.1 | 6.3 | 6.2 | 155.1 | 120.3 |
| **2018-19** | 19.8 | 26.9 | 53.3 | 1.6 | 5.9 | 7.2 | 5.8 | 171.8 | 127.3 |
| **2019-20*** | 20.3 | 25.0 | 54.8 | 4.8 | -1.3 | 6.4 | 3.9 | 183.8 | 132.4 |
| **2020-21#** | 22.1 | 25.5 | 52.4 | 2.4 | -0.2 | -8.2 | -4.2 | 181.9 | 126.8 |
| **2021-22@** | 21.0 | 26.5 | 52.5 | 3.9 | 12.0 | 8.8 | 8.8 | 214.4 | 138.0 |

*: तीसरा संशोधित अनुमान; #: दूसरा संशोधित अनुमान; @: पहला संशोधित अनुमान

8. प्राथमिक क्षेत्र (जिसमें कृषि, वानिकी, मत्स्य पालन और खनन और उत्खनन शामिल हैं), द्वितीयक क्षेत्र (विनिर्माण, बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं और निर्माण शामिल हैं) और तृतीयक क्षेत्र (सेवाएं) की विकास दर का अनुमान 2021-22 में क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 12.0 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत लगाया गया है, जबकि पिछले वर्ष में क्रमश: 2.4 प्रतिशत, -0.2 प्रतिशत और -8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 2021-22 के दौरान वास्तविक जीवीए में वृद्धि 'खनन और उत्खनन', 'विनिर्माण', 'बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं', 'निर्माण', 'व्यापार, मरम्मत, होटल और रेस्तरां' ', 'परिवहन, भंडारण और संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं' और 'अन्य सेवाएं' जैसा कि विवरण 4.2बी से देखा जा सकता है में वृद्धि के कारण हुई है। हालांकि, इस अवधि के दौरान 'कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन', 'वित्तीय सेवाएं', 'रियल एस्टेट, आवास का स्वामित्व और व्यावसायिक सेवाओं' और 'लोक प्रशासन और रक्षा' में मामूली वृद्धि देखी गई है।

**शुद्ध राष्ट्रीय आय**

9. वर्ष 2021-22 के लिए शुद्ध राष्ट्रीय आय (एनएनआई) या मौजूदा कीमतों पर एनएनआई 2020-21 में ₹172.23 लाख करोड़ की तुलना में ₹203.27 लाख करोड़ है, जो पिछले वर्ष में 3.0 प्रतिशत का संकुचन की तुलना में 2021-22 के दौरान 18.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

**सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय**

10. मौजूदा कीमतों पर सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय (जीएनडीआई) वर्ष 2021-22 के लिए 236.07 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है, जबकि वर्ष 2020-21 के लिए अनुमान 201.15 लाख करोड़ रुपये है, जो वर्ष 2020-21 में 1.6 प्रतिशत के संकुचन के मुकाबले वर्ष 2021-22 में 17.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

**बचत**

11. 2020-21 के दौरान 57.17 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2021-22 के दौरान सकल बचत 70.77 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। 2021-22 के दौरान सकल बचत में गैर-वित्तीय निगमों, वित्तीय निगमों, सामान्य सरकार और घरेलू क्षेत्रों की हिस्सेदारी क्रमशः 35.3%, 8.4%, (-) 8.9% और 65.3% रही। 2021-22 के लिए जीएनडीआई में सकल बचत की दर 2020-21 के 28.4 प्रतिशत की तुलना में 30.0 प्रतिशत अनुमानित है।

**पूंजी निर्माण**

12. मौजूदा कीमतों पर सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) वर्ष 2020-21 के दौरान ₹55.27 लाख करोड़ की तुलना में वर्ष 2021-22 के लिए ₹73.62 लाख करोड़ होने का अनुमान है। 2020-21

में 27.9 प्रतिशत की तुलना में 2021-22 के दौरान जीसीएफ में जीडीपी की दर 31.4 प्रतिशत है। वर्ष 2011-12 से 2019-20 और 2021-22 में पूंजी निर्माण की दर RoW से सकारात्मक शुद्ध पूंजी प्रवाह के कारण बचत की दर से अधिक रही है।

13. कुल जीएफसीएफ (मौजूदा मूल्यों पर) में हिस्से के संदर्भ में, सबसे अधिक योगदान गैर-वित्तीय निगमों का है, जिसके बाद घरेलू क्षेत्र का स्थान है, जिसकी हिस्सेदारी 2021-22 में क्रमशः 44.1% और 40.5% थी।

14. स्थिर (2011-12) कीमतों पर जीसीएफ से जीडीपी की दर 2020-21 में 31.7 प्रतिशत और 2021-22 में 35.5 प्रतिशत थी।

**उपभोग व्यय**

15. मौजूदा कीमतों पर निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) वर्ष 2020-21 में 121.50 लाख करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2021-22 के लिए 143.44 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। जीडीपी के संबंध में, 2020-21 और 2021-22 के दौरान मौजूदा कीमतों पर पीएफसीई का जीडीपी अनुपात क्रमशः 61.3 प्रतिशत और 61.1 प्रतिशत है। स्थिर (2011-12) कीमतों पर, 2020-21 और 2021-22 के लिए पीएफसीई क्रमशः ₹78.24 लाख करोड़ और ₹87.04 लाख करोड़ होने का अनुमान है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए पीएफसीई और जीडीपी अनुपात क्रमशः 57.2 प्रतिशत और 58.3 प्रतिशत है।

16. मौजूदा कीमतों पर सरकार का अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) वर्ष 2021-22 के लिए 26.25 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2020-21 के दौरान यह 23.03 लाख करोड़ रुपये था। स्थिर (2011-12) कीमतों पर वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए जीएफसीई का अनुमान क्रमशः ₹14.78 लाख करोड़ और ₹15.75 लाख करोड़ है।

**प्रति व्यक्ति अनुमान**

17. वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए प्रति व्यक्ति आय यानी मौजूदा कीमतों पर प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय क्रमशः ₹1,27,065 और ₹1,48,524 अनुमानित है। मौजूदा कीमतों पर प्रति व्यक्ति पीएफसीई, वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए क्रमशः ₹89,641 और ₹104,811 अनुमानित है।

## जीडीपी अनुमानों में संशोधन का सारांश

## वर्ष 2021-22 के अनुमानों में संशोधन

18. निम्नलिखित कथन अनंतिम अनुमानों (31 मई, 2022 को जारी) और 2021-22 के लिए जीवीए के पहले संशोधित अनुमानों के बीच भिन्नता के प्रमुख कारण बताता है।

| क्षेत्र | 2021-22 में जीवीए वृद्धि (2011-12 की कीमतों पर) | | भिन्नता के प्रमुख कारण |
|---|---|---|---|
| | अनंतिम अनुमान (पीई),मई 2022 | पहला संशोधित अनुमान (एफआरई),फरवरी 2023 | |
| प्राथमिक [i] | 4.1 | 3.9 | कृषि और कृषक कल्याण मंत्रालय के चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल क्षेत्र के उत्पादन अनुमानों में संशोधन के कारण कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्रों के जीवीए अनुमानों में संशोधन किया गया है। साथ ही, बागवानी क्षेत्र के लिए उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमानों का उपयोग किया गया है। प्राथमिक क्षेत्र में अन्य उद्योगों में संशोधन नवीनतम संशोधित आंकड़ों को शामिल करने के कारण है। |
| द्वितीयक [ii] | 10.2 | 12.0 | पीई वित्त वर्ष 2021-22 के बाद कंपनियों के संबंध में अतिरिक्त डेटा की उपलब्धता और स्रोत एजेंसियों द्वारा इनपुट डेटा में संशोधन के कारण द्वितीयक क्षेत्र के अनुमानों में संशोधन किया गया है। |
| तृतीयक [iii] | 8.4 | 8.8 | वित्तीय वर्ष 2021-22 के पीई के बाद कंपनियों के संबंध में अतिरिक्त डेटा की उपलब्धता और स्रोत एजेंसियों द्वारा इनपुट डेटा में संशोधन के कारण तृतीयक क्षेत्र के अनुमानों में ऊपर की ओर संशोधन किया गया है। इसके अलावा, केंद्र और राज्य सरकारों के बजट दस्तावेजों से संशोधित अनुमानों (आरई) के उपयोग के कारण और 2021-22 के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के वास्तविक व्यय की ई-लेखा पर उपलब्ध जानकारी के उपयोग के कारण संशोधन किया गया है। |
| मूल कीमतों पर कुल जीवीए | **8.1** | **8.8** | |
| जीडीपी | **8.7** | **9.1** | |

## वर्ष 2019-20 और 2020-21 के अनुमानों में संशोधन का कारण

19. विभिन्न एजेंसियों के नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के उपयोग के परिणामस्वरूप वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए जीवीए के स्तर और वृद्धि अनुमान दोनों में कुछ बदलाव हुए हैं।

## प्रमुख एग्रिगेट्स में संशोधन

20. वर्तमान और स्थिर (2011-12) कीमतों पर प्रमुख एग्रिगेट्स में संशोधन का स्तर निम्न तालिका में दिया गया है:

## प्रमुख राष्ट्रीय आय एग्रिगेट्स और उनके प्रतिशत परिवर्तन

**(₹ in Lakh Crore)**

| **S.No.** | **Item** | **2019-20** | | | **2020-21** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2nd RE | 3rd RE | % change | 1st RE | 2nd RE | % change |
| At current prices | | | | | | | |
| 1 | GVA at basic prices | 183.55 | 183.81 | 0.1 | 180.58 | 181.89 | 0.7 |
| 2 | GDP | 200.75 | 201.04 | 0.1 | 198.01 | 198.30 | 0.1 |
| 3 | GNI | 198.82 | 199.10 | 0.1 | 195.34 | 195.63 | 0.1 |
| 4 | NNI | 177.17 | 177.47 | 0.2 | 171.94 | 172.23 | 0.2 |
| 5 | GNDI | 204.22 | 204.51 | 0.1 | 200.86 | 201.15 | 0.1 |
| At constant (2011-12) prices | | | | | | | |
| 1 | GVA at basic prices | 132.19 | 132.36 | 0.1 | 125.85 | 126.81 | 0.8 |
| 2 | GDP | 145.16 | 145.35 | 0.1 | 135.58 | 136.87 | 0.9 |
| 3 | GNI | 143.74 | 143.93 | 0.1 | 133.68 | 134.97 | 1.0 |
| 4 | NNI | 126.42 | 126.62 | 0.2 | 115.36 | 116.64 | 1.1 |

जीवीए/जीडीपी अनुमानों में संशोधन के प्रमुख कारण नीचे दिए गए हैं:

*वर्ष 2019-20*

- कुछ राज्यों और डीईएस से कुछ फसलों, पशुधन उत्पादों, मछली और वानिकी उत्पादों के उत्पादन और कीमतों के अद्यतन अनुमानों और फसल क्षेत्र में उप-उत्पादों की नवीनतम सीसीएस (2019-20) दरों का उपयोग।
- आईआईपी और डब्ल्यूपीआई की संयुक्त वृद्धि के स्थान पर एएसआई: 2019-20 के अंतिम परिणामों का उपयोग।
- कुछ एनबीएफआई/वित्तीय सहायक संस्थाओं की नवीनतम रिपोर्ट का उपयोग।
- राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों से प्राप्त अद्यतन सूचनाओं का उपयोग।

*वर्ष 2020-21*

- कृषि और कृषक कल्याण मंत्रालय से क्रमशः चौथे अग्रिम और तीसरे अग्रिम अनुमानों के स्थान पर खाद्यान्नों, वाणिज्यिक और बागवानी फसलों के अद्यतन उत्पादन अनुमानों (अंतिम अनुमानों) का उपयोग।
- कुछ राज्यों और डीईएस से कुछ फसलों, पशुधन उत्पादों, मछली और वानिकी उत्पादों के उत्पादन और कीमतों के अद्यतन अनुमानों का उपयोग; और फसल क्षेत्र में उप-उत्पादों की नवीनतम सीसीएस (2019-20) दरों का उपयोग।
- आईबीएम से प्राप्त अद्यतन इनपुट दर का उपयोग।
- एएसआई: 2020-21 और गैर-वित्तीय निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के लिए संवर्धित डेटा का उपयोग।
- केन्द्र एवं राज्य सरकार के बजट में व्यय एवं प्राप्तियों की विभिन्न मदों के 'संशोधित अनुमान' के स्थान पर 'वास्तविक' का प्रयोग।
- स्थानीय निकायों और स्वायत्त संस्थानों पर अद्यतन जानकारी का उपयोग।
- सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट का उपयोग।
- सहकारी बैंकों, डाक जीवन बीमा (पीएलआई) और डाकघर बचत बैंक (पीओएसबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (एनबीएफआई) और वित्तीय सहायक संस्थाओं के लिए प्राप्त नवीनतम आंकड़ों का उपयोग।

## विस्तृत विवरण

21. इस प्रेस नोट के भाग 'बी' में जारी की गई तालिकाओं की सूची निम्नलिखित है। संशोधित अनुमानों पर अधिक विवरण प्रेस नोट के इस भाग के अंत में दी गई तालिकाओं 1.1B से 9B में उपलब्ध हैं ।

1. स्टेटमेंट 1.1B : राष्ट्रीय लेखा के प्रमुख समाहार प्रचलित भावों पर
2. स्टेटमेंट 1.2B: राष्ट्रीय लेखा के प्रमुख समाहार स्थिर (2011-12) भावों पर
3. स्टेटमेंट 2B: प्रति व्यक्ति आय, उत्पाद तथा अंतिम उपभोग
4. स्टेटमेंट 3.1B: आर्थिक क्रियाकलाप के अनुसार उत्पादन तथा प्रयोग के उद्योग के अनुसार पूंजी निर्माण प्रचलित भावों पर
5. स्टेटमेंट 3.2B: आर्थिक क्रियाकलाप के अनुसार उत्पादन तथा प्रयोग के उद्योग के अनुसार पूंजी निर्माण स्थिर (2011-12) भावों पर
6. स्टेटमेंट 4.1B: आर्थिक क्रियाकलापों के अनुसार सकल मूल्यवर्धन प्रचलित भावों पर
7. स्टेटमेंट 4.2B: आर्थिक क्रियाकलापों के अनुसार सकल मूल्यवर्धन स्थिर (2011-12) भावों पर
8. स्टेटमेंट 5B: सकल पूंजी निर्माण के लिए वित्त
9. स्टेटमेंट 6.1B: प्रयोग के उद्योग के अनुसार सकल पूंजी निर्माण प्रचलित भावों पर
10. स्टेटमेंट 6.2B: प्रयोग के उद्योग के अनुसार सकल पूंजी निर्माण स्थिर (2011-12) भावों पर
11. स्टेटमेंट 7.1B: परिसंपत्तियों एवं संस्थागत क्षेत्र के अनुसार सकल स्थायी पूंजी निर्माण प्रचलित भावों पर
12. स्टेटमेंट 7.2B: परिसंपत्तियों एवं संस्थागत क्षेत्र के अनुसार सकल स्थायी पूंजी निर्माण स्थिर (2011-12) भावों पर
13. स्टेटमेंट 8.1B: निजी अंतिम उपभोग व्यय प्रचलित भावों पर
14. स्टेटमेंट 8.2B: निजी अंतिम उपभोग व्यय स्थिर (2011-12) भावों पर
15. स्टेटमेंट 9B: संस्थागत क्षेत्र लेखा-प्रमुख आर्थिक संकेतक प्रचलित भावों पर

**स्टेटमेंट्स 1.1B से 9B डाउनलोड करें**